1/7/2023
14/7/2023 28/9/23 (3)
20/10/23

ICMS-2023/121

30.10.24

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालतः अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) श्री गंगानगर

प्रभुदयाल बनाम गोपीराम व स्टेट

अपील सं0 27 / 2023

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनीशियल जज	नम्बर व तारीख
06.2023	अधिवक्ता अपीलार्थी उपस्थित। अपील बाद रिपोर्ट पेश हुई। रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। अपील दर्ज रजिस्टर की जाती है। स्थगन प्रार्थना पत्र पर अधिवक्ता अपीलार्थी की एकपक्षीय बहस सुनी गई। अधिवक्ता अपीलार्थी की एक पक्षीय बहस पर मनन किया गया एवं पत्रावली का गहनता से अवलोकन किया गया। प्रथम दृष्टया मामला एवं सुविधा का संन्तुलन अपीलार्थी के पक्ष में प्रतीत होता है। फलस्वरूप अपीलार्थी का स्थगन प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर रेस्पोडेन्ट संख्या 01 को पाबन्द किया जाता है कि आगामी तारीख पेशी तक नायब तहसीलदार लालगढजाटान द्वारा दर्ज इन्तकाल संख्या 708 दिनांक 26.04.2023 स्वीकृत इन्तकाल दिनांक 27.04.2023 में अंकित भूमि को रहन, बैय व अन्यत्र स्थान्तरित नहीं करेंगें एवं मौका एवं रिकॉर्ड की यथास्थिति बनाये रखेंगें। अपीलार्थी आदेश 39 नियम 3 सीपीसी की पालना करना सुनिश्चित करें। उक्त पालना में विफल रहने पर उक्त आदेश स्वतः निष्प्रभावी माना जायेगा। रेस्पोडेन्ट एवं रिकॉर्ड तलब किया जाकर पत्रावली दिनांक 30.06.2023 को पेश हो। अति. जिला कलक्टर (प्रशासन) श्रीगंगानगर	9468947 7/6/23
30/6/23	अधिवक्ता अपीलार्थी उपस्थित। स्थगन अवधि आगामी पेशी तक बढ़ाई जाती है। पत्रावली वास्ते इन्तजार तलबी दि. 4/7/23 को पेश हो।	
04/07/23	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता रेस्पोडेन्ट द्वारा प्रार्थना पत्र मय वकालतनामा पेश किया, जो शामिल मिसल किया गया। प्रार्थना पत्र की प्रति अधिवक्ता अपीलार्थी को दिलाई गई। पत्रावली वास्ते जवाब प्रार्थना पत्र दिनांक 10/07/2023 को पेश हो।	
10/07/23	अधिवक्ता उभयपक्ष उपस्थित। अधिवक्ता अपीलार्थी द्वारा प्रा. पत्र के जवाब हेतु समय चाहा, जो प्रदान किया गया। पत्रावली वास्ते जवाब प्रा. पत्र दिनांक 14/07/2023 को पेश हो।	

12.8.24 अधिवक्ता उभयपक्ष उपस्थित। T.I. की अवधि आगामी पेशी तक बढ़ाई जाती है। पत्रावली वास्ते जवाब प्रा० पत्र दिनांक 30.8.24 को पेश हो।

30/8/24 पीठासीन अधिकारी ~~अवकाश~~ भ्रमण पर .... राजपपाल ~~कार्य में~~ व्यस्त है। इस कारण से उभयपक्ष उपस्थित है। पत्रावली दिनांक 30.10.24 को पेश हो।

8/10/24 अधिवक्ता अपीलार्थी के प्रार्थना पत्र पर पत्रावली आज पेशी मे ली गई। अपीलार्थी ने जरिये अधिवक्ता उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र दिनांक 08.10.2024 को प्रस्तुत कर निवेदन किया कि उपरोक्त अनवानी अपील श्रीमान न्यायालय मे विचाराधीन है जिसमें स्थगन आदेश जारी किया हुआ है, जिसमे आगमी तारीख पेशी 30.10.2024 नियत है। यह है कि अपीलांट व रेसपोडेन्टस दोनो भाई है। पंचायत ने दोनो भाईयों का लोक अदालत की भावना से प्रेरित होकर राजीनामा करवा दिया है इसलिये अपीलाट प्रभुदयाल अपील को ओर आगे नहीं चलाना चाहता है इसलिये उक्त अपील मय स्थगन आदेश को इसी स्तर पर खारित करवाना चाहता है। अतः प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन है कि मिसल पेशी में ली जाकर अपीलांट अपनी अपील को आज ही नोटप्रेस कर राजीनामा के आधार पर इसी स्तर पर दफतर दाखिल करवाना चाहता है।

फलस्वरूप अपीलार्थी एवं रेस्पोडेन्टस का आपस में पंचायत द्वारा राजीनामा हो जाने के कारण एवं उनके द्वारा उक्त अपील को आगे न चलाकर दाखिल दफ्तर करवाने पर अपील इसी स्तर पर खारिज की जाती है। आदेशिका की प्रति सम्बन्धित नायब तहसीलदार, लालगढजाटान को भेजी जावे। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर नम्बर से कम की जावें एवं बाद तकमील जिला अभिलेखागार में जमा करवाई जावें।

आदेश सुनाया गया।

अति० जिला कलेक्टर (प्रशा०)
श्रीगंगानगर

NOT Press

प्रभुदयाल

Identified by me
08/10/24
(P. C. Sethi)
Ad